# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 04 Dec 2023 Page No.- 5**

4 Dec 23 H 05

## सामाजिक सरोकार के कार्यों में सुभारती अग्रणी : डॉ. अतुल कृष्ण

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण द्वारा जिला कारागार परिसर में बन्दियों के लाभार्थ व सुविधाजनक अनेक कार्यों का लोकार्पण एवं शुभारंभ किया गया।

जेल परिसर पहुंचने पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अतुल कृष्ण का स्वागत जेल अधीक्षक शशिकांत मिश्र द्वारा पुष्प कुंज भेंट कर किया गया। जेलर राकेश द्वारा सुभारती के रजिस्ट्रार जनरल विवेक कुमार का स्वागत किया गया। कारागार के बंदियों के मुलाक़ाती परिजनों को धूप व बारिश से बचाव के लिए परिसर के बाहर भव्य मुलाक़ाती प्रतीक्षालय बनाने का शिलान्यास किया गया। उसके बाद सुभारती द्वारा जेल परिसर में पानी के बड़े टैंक मोटर आदि द्वारा कराये गये जल व्यवस्था संवर्धन कार्यक्रम का लोकार्पण सुभारती समूह के संस्थापक डॉ अतुल कृष्ण द्वारा किया गया। इसी श्रृंखला में सुभारती परिवार की उन्मुक्त भारत अभियान मुहिम के माध्यम से सभी बंदियों को निःशुल्क कम्बल वितरण किए गए। डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि सुभारती उत्कृष्ट शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ साथ अपने सामाजिक सरोकार के कार्यों की जिम्मेदारी का निर्वहन भी पूरी निष्ठा से करता है। इसी क्रम में सुभारती समूह द्वारा अपने कुछ सहयोगियों को साथ लेकर जेल परिसर में तत्काल सामाजिक सरोकार के कार्यों को कराया गया। विवेक कुमार, सरदार जसविंदर सिंह, उद्यमी महान जैन, मनोज शर्मा, हर्ष मलिक, मुकुल गोला सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



जिला जेल परिसर में रविवार को अनेक कार्यों का लोकार्पण किया गया।

04/12/23 H 05

## महिला किक बॉक्सिग लीग समाप्त

मेरठ, संवाददाता। सुभारती विवि में आयोजित खेलो इंडिया महिला किक बाक्सिग लीग का रविवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 30 जिलों के 327 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि सुभारती विवि की सीईओ शल्या राज, शारीरिक शिक्षा डीन प्रो संदीप कुमार, जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष पवन गोयल, किक बॉक्सिग एसोसिएशन ऑफ़ उत्तर प्रदेश सचिव सुशील कौशिक, सोनू सैनी, अंतरराष्ट्रीय किकबॉक्सिग खिलाड़ी आदित्य मकोरवाल ने पदक वितरित किए। पाइंट फाइट कैडेट 32 किग्रा भार वर्ग में श्रृद्धा राघव, पाइंट फाइट कैडेट 37 किग्रा भार वर्ग में चांदनी गुप्ता, पाइंट फाइट कैडेट 42 किग्रा भार वर्ग में खुशी यादव, पाइंट फाइट कैडेट 47 किग्रा में स्पर्श चौधरी, पाइंट फाइट कैडेट 47 किग्रा सृष्टि पंवार ने पदक जीते। भारतीय किक बॉक्सिग संघ वाको इंडिया अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, प्रो.चांसलर वेंकटेश्वर विवि डॉ. राजीव त्यागी, डायरेक्टर सेंट जेवियर वर्ल्ड स्कूल प्रीतिश कुमार रहे।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 04 Dec 2023 Page No.- City Page 5

खेल खत्म होने तक पृथ्वी और आग्रम शाहिद आदि रहे।

4 Dec 23 AU 05

# महिला किक बॉक्सिंग में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विवि में चल रही खेलो इंडिया महिला किक बॉक्सिंग लीग का उद्घाटन सांसद राजेंद्र अग्रवाल व विवि की सीईओ शल्या राज ने किया।

भारतीय किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष संतोष विशिष्ठ अतिथि रहे। प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 30 जिलों के लगभग 327 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसके अलावा हरियाणा, दिल्ली, पंजाब से भी टीम शामिल हुईं। इस दौरान वेंक्टेश्वरा विवि के प्रो. चांसलर डॉ. राजीव त्यागी, सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर प्रीतिश कुमार, डीन प्रो. संदीप कुमार आदि ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पवन गोयल, किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के मुख्य सलाहकार सुशील कौशिक, कोषाध्यक्ष सोनू सैनी, अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग खिलाड़ी आदित्य सहित अन्य मौजूद रहे।



किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। संवाद

## ये रहे विजेता

32 किग्रा. वर्ग में श्रद्धा राघव, 37 किलोग्राम वर्ग में चांदनी, 42 किलोग्राम वर्ग में खुशी, 47 किलोग्राम वर्ग में स्पर्श और सृष्टि पंवार रहे। लाइट कांटेक्ट 60 किलोग्राम वर्ग में खुशी राणा, लाइट कांटेक्ट सीनियर वर्ग में 70 किलोग्राम में मोनिका शर्मा, 50 किलोग्राम वर्ग में खुशबू, जूनियर 45 किलोग्राम वर्ग में काजल विजेता रहीं।

## रॉयल गरुर्स ने दर्ज की जीत

मेरठ। किला रोड स्थित गेम सिटी एरेना में रविवार को रॉयल गरूर्स और सीजीएचएस इलेवन के बीच मैच हुआ, जिसमें रॉयल ने जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 250 रन बनाए। आलोक ने 87 व अंकुल ने 75 रनों का योगदान दिया। सीजीएचएस इलेवन 170 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। संवाद

## कंकरखेड़ा के सुभान ने भोपाल में साधे निशाने

कंकरखेड़ा। कंकरखेड़ा सदनपुरी निवासी सुभान मलिक ने भोपाल में चल रही 66वीं नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में 25 मीटर .22 बोर स्पोर्ट्स पिस्तौल जूनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 546/600 स्कोर के साथ नेशनल क्वालिफाई किया। साथ ही 10 मीटर एयर पिस्तौल सब यूथ और यूथ वर्ग में खेलते हुए 551/600 स्कोर दोनों प्रतियोगिताओं को क्वालिफाई किया। मेरठ दर्पण शूटिंग क्लब के निर्देशक अंकित गुप्ता, संजीव जिंदल, महामंत्री प्रथम अग्रवाल, अंकित गुप्ता, वैभव, अमित शर्मा ने बधाई दी। संवाद



सुभान मलिक।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 07 Dec 2023 Page No.- 5**

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com अपना मेरठ

07 Dec 23 H 05

# भारतीय संस्कृति के संगम की तरह काम कर रहा सुभारती विवि

## परिचय बैठक

मेरठ,संवाददाता। सुभारती विवि में बुधवार को वियतनाम नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। हो.ची.मिन्ह सिटी के सामाजिक एवं मानविकी विज्ञान से वाइस डीन एवं ओरिएंटल स्टडीज के प्रमुख डॉ.हिएन ले प्रतिनिधिमंडल के साथ विवि पहुंचे। प्रतिकुलपति डॉ.अभय शंकरगौड़ा ने डॉ. हिएन ले सहित प्रतिनिधि मंडल का स्वागत किया।

कुलपति ऑफिस में हुई परिचय बैठक में प्रतिकुलपति डॉ.अभय शंकरगौड़ा, कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम याकूब, अंतर्राष्ट्रीय छात्र एवं वैश्विक संबंध के निदेशक अनिंद्य भंजा, डॉ. पिंटू मिश्रा, डॉ. चन्द्रकीर्ति भंते, डॉ. सुधीर त्यागी, डॉ. तुष्टि शर्मा, डॉ. गीता परवंदा, डॉ. शिवमोहन वर्मा, डॉ. मनोज त्रिपाठी, डॉ. गुंजन शर्मा ने विवि का परिचय देते हुए स्वागत किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने भी प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों का अभिनंदन किया।



सुभारती विवि में वियतनाम नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया।

डॉ. अभय शंकरगौड़ा ने कहा कि सुभारती विवि शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र से विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन कर रहा है। विवि गुणवत्ता युक्त शिक्षा, अनुसंधान एवं चिकित्सा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण हेतु निरंत कार्यरत है। डॉ. हिएन ले ने कहा कि सुभारती विवि भारतीय संस्कृति के संगम की तरह काम कर रहा है। डॉ. हिएन ले ने बोधि उपवन में प्राचीन बोधि वृक्ष के दर्शन करते हुए तथागत बुद्ध के आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की। कहा कि भारत-वियतनाम में हमेशा मधुर संबंध रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने फाइन आर्ट कॉलेज, सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज, पत्रकारिता विभाग सहित सभी संकाय एवं विभागों का दौरा करते हुए शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। अनिंद्य भंजा ने कहा कि वियतनाम नेशनल यूनिवर्सिटी एवं सुभारती विवि के मध्य शैक्षिक आदान-प्रदान के लिए परस्पर काम करेंगे।



तीन दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों को मतदाता बनकर वोट देने को प्रेरित किया गया।

## मतदाता बनने को लगा कैंप, किया जागरूक

जिला प्रशासन और सुभारती विवि के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों को मतदाता बनकर वोट देने को प्रेरित किया। डीएम दीपक मीणा एवं सुभारती के रजिस्ट्रार जनरल डॉ.विवेक कुमार ने युवाओं से शिविर में प्रतिभाग करने को प्रेरित किया। सीडीओ नूपुर गोयल, जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सहित तहसील के विभिन्न अधिकारियों ने शिविर में हिस्सा लेते हुए युवाओं को वोटर के लिए नामांकित किया। विवि की सीईओ डॉ. शल्या राज ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की इस विशेष मुहिम में अपनी भूमिका का जिम्मेदार नागरिक के रूप में निर्वहन करने में खुशी है।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

**Date- 07 Dec 2023 Page No.- City Page 5**

AU 07 Dec 2023 05

## वियतनाम के शिक्षकों ने किया सुभारती विवि का भ्रमण

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में बुधवार को वियतनाम नेशनल यूनिवर्सिटी होची मिन्ह सिटी की टीम दौरा करने आई। सामाजिक व मानविकी विज्ञान के वाइस डीन एवं ओरिएंटल स्टडीज के प्रमुख डॉ. हिएन ले ने प्रतिनिधिमंडल के साथ सुभारती विवि का दौरा किया।

डॉ. हिएन का सुभारती विवि आगमन पर कुलपति कार्यालय में प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा ने स्वागत किया। परिचय बैठक में प्रतिकुलपति, कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम. याकूब, अंतरराष्ट्रीय छात्र एवं वैश्विक संबंध के निदेशक अनिंद्य भंजा, डॉ. पिंटू मिश्रा, डॉ. चंद्रकीर्ति भंते, डॉ. सुधीर त्यागी, डॉ. तुष्टि शर्मा, डॉ. गीता परवंदा, डॉ. शिवमोहन वर्मा, डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी, डॉ. गुंजन शर्मा आदि मौजूद रहे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने प्रतिनिधिमंडल का अभिनंदन किया। प्रतिकुलपति ने कहा सुभारती विवि शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र से अपने विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन कर रहा है। सभी संकाय व विभागों के बारे में वियतनाम के प्रतिनिधिमंडल को रूबरू कराया। वियतनाम के डॉ. हिएन ले ने कहा सुभारती विवि भारतीय संस्कृति का संगम के रूप में कार्य कर रहा है।

तथागत बुद्ध के आदर्शों को आत्मसात करते हुए सुभारती विवि ने मानवता के कल्याण को प्रेरणादायी कार्य किये है। प्रतिनिधिमंडल ननेफाइन आर्ट कॉलेज, सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज, पत्रकारिता विभाग आदि संकाय व विभागों का दौरा किया। अंतरराष्ट्रीय छात्र एवं वैश्विक संबंध के निदेशक अनिंद्य भंजा ने बताया वियतनाम नेशनल यूनिवर्सिटी एवं सुभारती विवि के मध्य शैक्षिक आदान-प्रदान सहभागिता से किए जाएंगे।




सुभारती विवि के प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा के साथ वियतनाम से आया प्रतिनिधिमंडल। संवाद

## छात्र-छात्राओं ने मतदाता बनने के लिए किया आवेदन



सुभारती विवि में लगाए गए शिविर में मौजूद अधिकारी। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

### सुभारती विश्वविद्यालय में मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए तीन दिवसीय शिविर का हुआ समापन

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में बुधवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए तीन दिवसीय शिविर का समापन किया है। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करने के लिए आवेदन किया है।

जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं सुभारती के रजिस्ट्रार जनरल डॉ. विवेक कुमार ने कहा है कि मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल के साथ जिला निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय कुमार तहसील के पदाधिकारियों, बीएलओ आदि सभी ने सक्रिय प्रतिभाग कर शिविर को सफल बनाया। शिविर में छात्र-छात्राओं ने मतदाता बनने के लिए आवेदन किया है। मतदाता बनने की खुशी उनके चेहरों पर दिख रही थी।

सुभारती संस्कृति विभाग के कुलदीप नारायण, डॉ. मनोज त्रिपाठी, डॉ. प्रदीप राघव, सतेंद्र कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 10 Dec 2023 Page No.- 6**

10/12/23 H 06

## छात्रों ने समझा भोजन का मनोविज्ञान




शनिवार को सुभारती विवि में आयोजित कार्यशाला के दौरान मौजूद शिक्षक।

मेरठ, संवाददाता। सुभारती विवि में शहीद बाबा दीप सिंह गृह विज्ञान विभाग और सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज द्वारा भोजन के मनोविज्ञान पर सेमिनार में विद्यार्थियों ने विभिन्न पक्षों को समझा।

सेमिनार का शुभारंभ दक्षिण कोरिया में होंगबीओप्पा मंदिर के मठाधीश मोस्ट वेन सिम सैन, ताइपेई ताइवान से सीआईईई के निदेशक डॉ.क्रिस्टे चेन, निदेशक डॉ.राकेश सिंह ने किया। कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़ ने विवि के मूलमंत्र शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता से अवगत कराया। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल ने कहा कि छात्रों का सर्वांगीण विकास जरूरी है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने विवि विद्यार्थियों को दक्ष बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। डॉ.हिरो हितो ने कहा कि भोजन के पीछे मनोविज्ञान को समझना बेहद जरूरी है। डॉ.ज्योति गौड़ ने खाने की आदत और उनके मनोवैज्ञानिक पक्ष को साझा किया। डॉ.शबनम छाबड़ा, डॉ.स्निग्धा मिश्रा, डॉ. कविता कन्ना, डॉ.भावना गांधी, डॉ.जसबीर चालवला, डॉ.वेद मणि और डॉ.सुनयन शर्मा ने विविध दृष्टिकोण में भोजन उपभोग के मनोवैज्ञानिक पहलुओं को साझा किया। वेन सिम सैन को ग्लोबल मेंटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ.निष्मा सिंह, डॉ.शालू नेहरा, डॉ.नीतू यादव, वीरेंद्र पाल कोर, उर्वशी शर्मा, स्वाति शर्मा, अक्षिता गुप्ता और गोविंद सिंह राणा मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

**Date- 10 Dec 2023 Page No.- City Page 5**

कुलाधिपति स्तुति कक्कड़ ने विवि के मूल मंत्र शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के बारे में विस्तार से बताया

## सुभारती विवि में 'भोजन के मनोविज्ञान' विषय पर हुई सेमिनार

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के शहीद बाबा दीप सिंह गृह विज्ञान विभाग और सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज ने 'भोजन के मनोविज्ञान' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की।

मुख्य अतिथि मोस्ट वेन सिम सैन दक्षिण कोरिया के होंगबीओप्पा मंदिर के मठाधीश रहे। कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़ ने विवि के मूल मंत्र शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के बारे में बताया।

सेमिनार का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं मंगलाचरण से हुआ। इस दौरान डॉ. क्रिस्टे चेन निदेशक सीआईईई ताइपेई ताइवान और डॉ. राकेश सिंह निदेशक अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश रहे। विवि की कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़ ने अध्यक्षीय उद्बोधन में विवि के बारे में बताया। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने स्वागत भाषण में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि सुभारती विवि अपने विद्यार्थियों को दक्ष बनाने के लिए इस प्रकार के आयोजनों से मार्गदर्शन कर रहा है। कार्यक्रम के सलाहकार डॉ. हिरो हितो ने बौद्धिक प्रवचन को आकार देने और व्यावहारिक सलाह और विशेषज्ञता के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. ज्योति गौड़ सुरेश ज्ञान विहार विवि जयपुर ने खाने की आदतों के मनोवैज्ञानिक आयामों पर गहनता से ज्ञानवर्धन किया।

डॉ. शबनम छाबड़ा, डॉ. कविता कन्ना, डॉ. भावना गांधी, डॉ. जसबीर चालवला, डॉ. वेद मणि, डॉ. सुनयन शर्मा की प्रस्तुतियों के साथ बौद्धिक चर्चा जारी रही। मुख्य अतिथि को प्रतिष्ठित ग्लोबल मेंटर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

आयोजक अध्यक्ष डॉ. निष्मा सिंह ने मनोविज्ञान और आहार विकल्पों के बीच जटिल संबंध को समझाया। 30 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन रिसर्च पेपर व पोस्टर प्रस्तुत किए। इस दौरान डॉ. निष्मा सिंह, डॉ. शालू नेहरा, डॉ. शालू नेहरा, डॉ. नीतू यादव, वीरेंद्र पाल कोर, उर्वशी शर्मा, स्वाति आदि मौजूद रहे।




सेमिनार में अतिथि को सम्मानित करतीं कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 11 Dec 2023 Page No.- 6**

# पर्यटन उद्योग में नवाचार पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

11/12/23 H 06

**सुभारती**

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता । स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के भीकाजी कामा सुभारती कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट में खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से दो दिवसीय पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में उन्नत प्रौद्योगिकियों और नवाचारों पर 8 वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ।

भीकाजी कामा सुभारती कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट के प्राचार्य डॉ. शिव मोहन वर्मा ने देश के विभिन्न राज्यों से आएं अतिथियों व विशेषज्ञों का स्वागत किया। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि यह सम्मेलन पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में नवाचारों की हमारी समझ को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने सभी अतिथियों को सुभारती परिसर एवं द मार्स रिसोर्ट्स का भ्रमण करने के लिए निमंत्रण दिया। मुख्य अतिथि सहायक खाद्य आयुक्त विनीत कुमार ने यात्रा विपणन और प्रचार को बढ़ाने पर व्याख्यान दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. आनंद के सिंह, विवि जयपुर के डॉ. अमित दत्ता ने भी संबोधित किया। कश्मीर विवि के डॉ. रियाज कुरैशी, ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी स्कूल के प्रिंसिपल प्रोफेसर विमल कुमार, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर के डॉ.संदीप वालिया ने भी अहम जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. शिवमोहन वर्मा ने बताया कि सम्मेलन में नवीनतम शोध और प्रगति को प्रदर्शित करते हुए 54 से अधिक पत्र प्रस्तुत किए गए। डॉ. पूजा चौधरी, डॉ. संदीप वालिया ने संबोधित किया। गरिमा जैन गोयल ने धन्यवाद किया।



भीकाजी कामा सुभारती कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट में सम्मेलन हुआ।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

**Date- 11 Dec 2023 Page No.- City Page 5**

11/12/23 AU 05

## आतिथ्य के महत्व पर डाला प्रकाश

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के काजी कामा सुभारती कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट में खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन के सहयोग से पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में उन्नत प्रौद्योगिकियां विषय पर दो दिवसीय आठवां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. शिव मोहन वर्मा ने देश के विभिन्न राज्यों से आएं अतिथियों व विशेषज्ञों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने सम्मेलन के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने आतिथ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को दक्ष बनाकर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है। सहायक खाद्य आयुक्त विनीत कुमार ने पर्यटन उद्योग में प्रभावी विपणन की भूमिकां पर जोर देते हुए यात्रा विपणन और प्रचार को बढ़ाने के विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया।



अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल शिक्षक व अतिथि। स्रोत : संस्थान

### स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

डॉ. अमित दत्ता ने कत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से व्यक्तिगत ग्राहक अनुभव विषय पर सभी को संबोधित किया। कश्मीर विश्वविद्यालय के डॉ. रियाज कुरैशी ने गंतव्य विकास में सामुदायिक भागीदारी योजना के माध्यम से एसडीजी प्राप्त करने के विषय पर चर्चा की। समापन पर गरिमा गोयल ने धन्यवाद दिया।

इस दौरान अंकित प्रकाश, विकास शर्मा, अंकित श्रीवास्तव, सौरभ त्रिपाठी, गरिमा जैन गोयल, यजवेंद्र सिंह और डॉ धनंजय श्रीवास्तव सहित संकाय के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 12 Dec 2023 Page No.- 5**

12/12/23 H 05



सुभारती विवि में भारतीय भाषाओं का परस्पर समन्वय विषय पर पदयात्रा हुई।

## भारतीय भाषाओं के समन्वय पर पदयात्रा

मेरठ। सुभारती विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं शिक्षा संकाय के बौद्धिक वाचन क्लब द्वारा 75 दिवसीय 'भारतीय भाषा उत्सव' पर ''भारतीय भाषाओं का परस्पर समन्वय' विषय पर पदयात्रा हुई।

प्रो. संदीप कुमार एवं डॉ. अनोज राज ने शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भारतीय भाषाओं को दर्शाते हुए स्लोगन पट्टी बनाई। इमसें '22 भाषाओं के रंग-भारतीय परंपराओं के संग' ''देश एक भाषा अनेक' जैसे स्लोगन आकर्षण का केंद्र रहे। डॉ. रीवा देवी, सोनिया राणा मौजूद रहे।



सुभारती कॉलेज ऑफ जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन में प्रतियोगिता हुई।

## सुभारती में हुई ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता

मेरठ। एक जिला-एक उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए सुभारती विवि में ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता में छात्रों ने हिस्सा लिया।

सुभारती कॉलेज ऑफ जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन में हुई इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारत सरकार के एक जिला-एक उत्पाद को बढ़ावा देना है। प्रो. एससी थलेडी, डॉ. देशराज सिंह, डॉ. नीरज ढाका, प्रो. अशोक त्यागी, राम प्रकाश तिवारी ने शुभारंभ किया। डॉ. थलेडी के अनुसार प्रज्वल पांडेय, रिया कुमारी, सूरज कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। बीएजेएमसी से अनुष्का सोलंकी एवं विशेष शर्मा भी विजेता रहे।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

**Date- 12 Dec 2023 Page No.- 5**

12/12/23 AU 05

## ब्लॉग लेखन में बीएजेएमसी के प्रज्ज्वल रहे प्रथम



ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र-छात्राएं। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

### सुभारती विवि में पीपुल्स च्वाइस कैंपेन के तहत हुई ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के सुभारती कॉलेज ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में सोमवार को 'पीपुल्स च्वाइस कैंपेन' के तहत ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता हुई। इसमें बीएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर के प्रज्ज्वल पांडेय प्रथम रहे।

कैंपेन का उद्देश्य भारत सरकार के एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) को बढ़ावा देना है। विवि के ओडीओपी टास्क फोर्स अध्यक्ष प्रो. एससी थलेडी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस पीठ अध्यक्ष डॉ. देशराज सिंह, डॉ. नीरज ढाका, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रो. अशोक त्यागी, सहायक आचार्य रामप्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे। प्रो. एससी थलेडी ने परिणाम घोषित किया। प्रतियोगिता में बीएजेएमसी के प्रज्ज्वल पांडेय प्रथम, जीएनएम की रिया कुमारी व बीसीए के सूरज कुमार द्वितीय और बीएजेएमसी की अनुष्का सोलंकी, बीएजेएमसी के विशेष शर्मा तृतीय स्थान पर रहे।

## एनसीसी कैडेट्स ने निकाली पदयात्रा

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं शिक्षा संकाय के बौद्धिक वाचन क्लब ने 75 दिवसीय 'भारतीय भाषा उत्सव' के तहत 'भारतीय भाषाओं का परस्पर समन्वय' विषय पर पदयात्रा निकाली। इसका शुभारंभ शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. संदीप कुमार व शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. अनोज राज ने संयुक्त रूप से किया। पदयात्रा में एनसीसी के कैडेट्स ने भी भागीदारी दी। बौद्धिक वाचन क्लब समन्वयक डॉ. रीवा देवी व सोनिया राणा कार्यक्रम समन्वयक रही। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 13 Dec 2023 Page No.- 6**

13/12/23 H 06

### हम मनुष्य हैं इसलिए हमारे पास मानवाधिकार



मेरठ। मानवाधिकार ऐसे अधिकार हैं जो हमारे पास इसलिए हैं क्योंकि हम मनुष्य हैं। राष्ट्रीयता, लिंग, राष्ट्रीय या जातीय मूल, रंग, धर्म, भाषा या किसी अन्य स्थिति की परवाह किए बिना ये हम सभी के लिये सार्वभौमिक अधिकार हैं।

सुभारती डिपार्टमेंट ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस विषय पर हुई सिम्पोजियम में यह बात डॉ. अमृता चौधरी ने कही। एचओडी डॉ. मनोज त्रिपाठी ने कहा कि गांव में आज भी पारिवारिक मूल्यों पर बल दिया जाता है। इससे समाज में अधिकार एवं कर्तव्य का संतुलन बना रहता है। तृप्ति शर्मा, मंजीत गोस्वामी, अंशु कुमार, श्रेय अत्री, हरप्रीत कौर, राशि चौधरी, उज्जवल, लायबा, जान्हवी, डॉ. नियति, डॉ. रफत आदि रहे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 13 Dec 2023 Page No.- 6**



13/12/23 H 06

### दांत साफ रखने के तरीके बताए

मेरठ। सैंट फ्रांसिस वर्ल्ड स्कूल में सुभारती यूनिवर्सिटी के डेंटल डिपार्टमेंट के डॉ. मयंक दास ने कार्यशाला का आयोजन किया। बच्चों को दांत साफ करने का तरीका समझाया। टीम में डॉ. नेहा, डॉ. स्पर्श, डॉ. प्रज्ञा, डॉ.उर्वी रहे। डायरेक्टर फादर निर्मल राज होर्मेस ने उत्साहवर्धन किया।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 13 Dec 2023 Page No.- City Page 5**



13/12/23 AU

05

# मानवाधिकार संरक्षण में न हो कोई भेद : डॉ. अमृता



सुभारती विवि में आयोजित संगोष्ठी में शामिल प्रतिभागी। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के सुभारती डिपार्टमेंट ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी हुई। इसमें डॉ. अमृता चौधरी सहित अन्य वक्ताओं ने कहा मानवाधिकार संरक्षण में रंग, धर्म, भाषा सहित अन्य का भेद नहीं होना चाहिए।

'मानवाधिकार सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता एवं न्याय' विषय पर यह संगोष्ठी हुई। इसके शुभारंभ पर डॉ. अमृता चौधरी ने मानवाधिकारों के बारे में बताया।

उन्होंने कहा राष्ट्रीयता, रंग, धर्म, भाषा या किसी अन्य स्थिति की परवाह किए बिना सभी के लिए सार्वभौमिक अधिकार तय किए गए हैं। बीए की हुजैफा एवं वंशिका ने बताया द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शुरू हुई घोषणाओं और अनुबंधों की

## सुभारती विवि में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में हुई संगोष्ठी

शृंखला से सार्वभौमिक मानवाधिकार स्पष्ट हुए हैं।

विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भारत में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना 1993 हुई थी। यहां गांवों में आज भी पारिवारिक मूल्यों पर बल दिया जाता है जिससे समाज में अधिकार एवं कर्तव्य का संतुलन बना रहता है। ऐसा ही होना चाहिए।

बीए की तृप्ति शर्मा, मंजीत गोस्वामी, अंशु कुमार, श्रेय अत्री, हरप्रीत कौर, राशि चौधरी, उज्जवल, लायबा, जान्हवी ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. नियति, डॉ. रफत, डॉ. दुर्वेश, डॉ. नेहा, डॉ. अंकित, डॉ. अमित, डॉ. मानस कांडी, डॉ. पूनम उपस्थित रहे। संयोजन डॉ. अमृता ने किया।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 14 Dec 2023 Page No.- 7**



H. 14/12/23 07

### छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

मेरठ। केरल वर्मा सुभारती विज्ञान महाविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्रों ने गगोल स्थित पराग डेयरी का औद्योगिक भ्रमण किया। प्रो.संगीता दयाल के निर्देशन में छात्र डेयरी पहुंचे। प्रो.रेनू मावी के अनुसार भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को डेयरी की विभिन्न तकनीक एवं कार्यप्रणाली की जानकारी देना था। वित्तीय प्रबंधक सुधीर राठी ने दूध के उचित भंडारण, प्रसंस्करण एवं मार्केटिंग की जानकारी दी।

H 14/12/23 07

### प्रत्येक भाषा को सीखने का प्रयास करें

**सुभारती**

मेरठ,संवाददाता। व्यक्ति जितनी अधिक भाषाओं को जानता है उसका बौद्धिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास उतना ही विस्तृत होता है। सभी विद्यार्थी और मनुष्यों को आपसी समन्वय बनाते हुए प्रत्येक भाषा को सीखने का प्रयास करना चाहिए।

सुभारती विवि के कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय में भारतीय भाषा उत्सव विषय पर हुई समारोह में यह बात मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने कही। छात्र-छात्राओं ने मिजोरम प्रदेश की वेशभूषा धारण कर द्वार पर अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। प्रतिकुलपति डॉ.अभय शंकरगौड़ा ने कहा कि विभिन्न भाषाएं सीखने की प्रवृत्ति से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। प्रो.पिंटू मिश्रा ने कहा कि जिस प्रकार तरह ललित कलायें मानव जीवन को निखारने में सहयोग करती है उसी तरह विभिन्न भाषाओं का समन्वय भारत की एकता को सुदृढ़ करता है।

डॉ.रेखा गुप्ता ने स्वरचित कविता प्रस्तुत की। प्रो.सुधीर त्यागी ने भारतीय भाषाओं के परस्पर समन्वय और एकता पर जोर दिया। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भारतीय भाषाओं को दर्शाया। प्रो.तुष्टि शर्मा, डॉ.शोभा रतूड़ी, प्रो.राजेश्वर पाल, डॉ.आशीष कुमार, डॉ.पूजा गुप्ता एवं डॉ.मनीषा लूथरा, प्रो.श्रवण गर्ग एवं प्रो.सुधीर मौजूद रहे।




बुधवार को सुभारती विवि में कार्यक्रम में मौजूद छात्र।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 14 Dec 2023 Page No.- City Page 6



सुभारती विवि के खेल मैदान में ताइक्वांडो ग्रेडिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी व अतिथिगण। संवाद

### ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

मेरठ। सुभारती विवि के खेल मैदान में बुधवार को ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। शुभारंभ मुख्य अतिथि सुभारती विवि के डीन प्रो. संदीप चौधरी ने किया। प्रतियोगिता में 84 ताइक्वांडो प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। खिलाड़ी आधा झा, भूमिका, कीर्ति, सूर्यांश पाठक, बंधवी वत्स, हिमांशु वर्मा आदि ने कलात्मक शैली का प्रदर्शन किया। इस दौरान निराली चौधरी, अभिराम शर्मा, इशिता के दवे, स्तुति झा, वाणी शर्मा, वान्या खेरा, भव्या, रक्षिता, आराध्या, आनंद आदि ने बेल्ट के लिए अर्हता प्राप्त की। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी रोहित पटेल मुख्य परीक्षक रहे। मानसी व समीर आलम ने रेफरी की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण, ताइक्वांडो प्रशिक्षक पूर्णेंदु झा आदि मौजूद रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

**Date- 14 Dec 2023 Page No.- City Page 5**

14 Dec23 P05- AU

## सीखने की प्रवृत्ति से होता है सर्वांगीण विकास : डॉ. शल्या




सुभारती विवि में भारतीय भाषा उत्सव में उपस्थित अतिथि और विद्यार्थी। स्रोत : संस्था

माई सिटी रिपोर्टर

**सुभारती विवि में 75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव पर व्याख्यान माला**

मेरठ। विभिन्न भाषाएं सीखने से बौद्धिक, आर्थिक व सामाजिक विकास होता है। सीखने की प्रवृत्ति के अनुकरण से सर्वांगीण विकास होता है। यह बात स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कही। वह 75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव विषय पर विभिन्न भाषा-बोली पर आयोजित व्याख्यान माला, काव्य पाठ व गीत गायन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद से बोल रही थीं।

तमिल भाषा के प्रमुख कवि चेन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. शल्या राज व प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा ने दीप जलाकर किया।

डॉ. शल्या राज ने 'सारे जहां से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा...' गीत प्रस्तुत कर भाषाई समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत किया। डॉ. शंकरगौड़ा ने कहा कि विभिन्न भाषाएं सीखने की प्रवृत्ति अपने हृदय में सभी को धारण करनी चाहिए इससे सर्वांगीण विकास होता है। भाषा विभाग अध्यक्ष प्रो. डॉ. तुष्टि शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन और उत्सव से भाषाई समन्वय में वृद्धि होती है। ललित कला संकायाध्यक्ष प्रो. पिंटू मिश्रा ने कहा कि विभिन्न भाषाओं का समन्वय देश की एकता को सुदृढ़ करता है। प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा गुप्ता ने हिन्दी भाषा में अपनी स्वरचित कविता से जीवन-दर्शन पर प्रकाश डाला। कला और सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. सुधीर त्यागी ने भाषाओं के समन्वय और एकता के बारे में बताया। इस दौरान प्रो. राजेश्वर पाल, डॉ. शोभा रतूड़ी, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. मनीषा लूथरा, डॉ. शोभा रतूड़ी, डॉ. आशीष कुमार का योगदान रहा।

## विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

मेरठ। केरल वर्मा सुभारती विज्ञान महाविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने गगोल में एक डेयरी का भ्रमण किया। अधिष्ठाता प्रो. रेनू मावी ने विद्यार्थियों को रवाना किया। डेयरी में विद्यार्थियों को दूध के भंडारण, प्रसंस्करण तथा मार्केटिंग के बारे में बताया गया। इस दौरान प्रो. अंजु रानी, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. आदेश कुमार, डॉ. ख्याति लहरी आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 15 Dec 2023 Page No.- 6**

H 15/12/23 06

# भावनाओं की गहराई से जुड़ी है उर्दू : डॉ रफत

**सुभारती**

मेरठ। सुभारती विवि के डिपार्टमेंट ऑफ़ लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमेनिटीज ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 एवं भारतीय भाषाएं' विषय पर कवि सुब्रमण्यम स्वामी के जन्मदिन को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया। शुभारंभ डॉ.पूनम ने किया।

डॉ.सुधीर त्यागी ने कहा कि यह उत्सव भारतीय भाषाओं के साथ ही विश्व की विभिन्न भाषाओं पर चर्चा करने और उनके भीतर निहित भावों को जानने के लिए जरुरी है। एचओडी डॉ.मनोज त्रिपाठी ने भारतीय संविधान में सूचीबद्ध भाषाओं की जानकारी दी। डॉ.रफत खानम ने कहा कि उर्दू काव्यात्मक लालित्य और सांस्कृतिक समृद्धि की भाषा है जो भावनाओं से गहराई से जुड़ी है। डॉ.दुर्वेश कुमार, डॉ.नियति गर्ग, डॉ.अंकित, डॉ.अंकित तिवारी, डॉ.अमित कुमार, शिवानी मौजूद रही।



शुक्रवार को सुभावती विवि में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।



शुक्रवार को पैरा स्पोर्ट्स मीट में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## पैरा स्पोटर्स मीट में दिखाया हुनर

मेरठ। सुभारती विवि के सुभारती डिसेबिलिटी एडवाइजरी सर्विस सेंटर द्वारा दिव्यांग विद्यार्थी एवं कर्मचारियों के लिए हुई पैरा स्पोर्ट्स मीट में हुनर से दर्शक चकित हो उठे।

समन्वयक दीपिका चौधरी के अनुसार कैरम महिला वर्ग में सुशीला, बिमलेश ने क्रमशः प्रथम-द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कैरम पुरुष वर्ग में संजीव कुमार, अनिल पाल, रियाज़ खान जबकि साइकिलिंग में रियाज़ खान, संजीव कुमार, सारांश क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। इसके अलावा और भी प्रतियोगिता हुईं। इस मौके पर आशा विशेष स्कूल की प्रधानाचार्य संध्या शर्मा, कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल, डीन डॉ.संदीप कुमार, डॉ.अनोज राज सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 15 Dec 2023 Page No.- City Page 5**

AU 15/12/23 05

### सुभारती में भारतीय भाषा उत्सव मनाया



75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव में उपस्थित अतिथि। स्रोत : संस्थान

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के डिपार्टमेंट ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं भारतीय भाषाएं' विषय पर कवि सुब्रमण्यम स्वामी के जन्मदिन को मनाने की श्रृंखला में 75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव मनाया। डॉ. पूनम ने कवि सुब्रमण्यम स्वामी के बारे में बताया। कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय प्रमुख डॉ. सुधीर त्यागी ने भारतीय भाषाओं पर चर्चा की। विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी, डॉ. रफत खानम, डॉ. दुर्वेश कुमार, डॉ. नियति गर्ग, डॉ. अंकित ने भाषाओं का महत्व बताया। संचालन डॉ. पूनम ने किया। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

**Date- 15 Dec 2023 Page No.- City Page 6**

sports

AU 15/12/23 06

## साइकिलिंग में रियाज, शॉटपुट में अनस ने बाजी मारी

**सुभारती विवि में पैरा स्पोर्ट्स मीट का आयोजन**

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के सुभारती डिसेबिलिटी एडवाइजरी सर्विस सेंटर ने पैरा स्पोर्ट्स मीट की। इसके विभिन्न रोमांचक मुकाबलों को देख दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। साइकिलिंग में रियाज खान, शॉट-पुट पुरुष वर्ग में अनस व महिला वर्ग में सुशीला, डिस्कस थ्रो (पुरूष) में अनस और डिस्कस थ्रो (महिला) में सुशीला ने बाजी मारी।

विभाग समन्वयक दीपिका चौधरी ने बताया कि पैरा स्पोर्ट्स मीट में 35 दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग किया। कैरम (महिला) में सुशीला प्रथम व बिमलेश द्वितीय, कैरम (पुरुष) में संजीव प्रथम, अनिल पाल द्वितीय व रियाज खान तृतीय रहे। साइकिलिंग में रियाज प्रथम, संजीव द्वितीय व सारांश तृतीय रहे।

शॉट-पुट (पुरुष) में अनस पैरामेडिकल प्रथम, दीपक सुमनिया नर्सिंग कॉलेज द्वितीय और मनोज कुमार डेंटल कॉलेज तृतीय स्थान पर रहे। शॉट-पुट (महिला) सुशीला प्रथम व बिमलेश द्वितीय रहीं। डिस्कस थ्रो (पुरूष) में अनस प्रथम, दीपक सुमनिया द्वितीय व रियाज खान तृतीय तथा डिस्कस थ्रो (महिला) में सुशीला प्रथम व बिमलेश द्वितीय स्थान पर रहे। इससे पहले स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ आशा विशेष स्कूल की प्रधानाचार्य संध्या शर्मा ने किया। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि दिव्यांगजनों को प्रोत्साहन देकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की जरूरत है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान शिक्षा संकाय के डीन डॉ. संदीप कुमार, शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. अनोज राज आदि मौजूद रहे। ब्यूरो



पैरा स्पोर्ट्स मीट में खेलते प्रतिभागी। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 17 Dec 2023 Page No.- City Page 7**

17/12/23 AU OT

# सुभारती मैनेजमेंट कॉलेज में डाटा एंट्री पर हुई कार्यशाला



कार्यशाला में प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के आचार्य विष्णु गुप्त सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में एसप्रीएसएस पर कार्यशाला हुई।

मुख्य प्रशिक्षक डॉ. कायनात नासिर असिस्टेंट प्रो. डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन रही। डॉ. कायनात ने बताया एसपीएसएस के इस्तेमाल डाटा एंट्री और डाटा एनालिसिस के बारे में बताया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अभ्यास करने

### प्रतिभागी छात्र-छात्राओं कको प्रमाण पत्र वितरित किए

का मौका देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

आचार्य विष्णु गुप्त सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स डीन एवं डायरेक्टर डॉ. आरके घई ने धन्यवाद दिया। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इसमें डॉ. सारिका अभय ने मुख्य समन्वयक की भूमिका निभाई।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 18 Dec 2023 Page No.- 7**

18/12/23 H 07

# एसपीएसएस की जानकारी दी

**सुभारती**

- रिसर्च में एसपीएसएस की उपयोगिता बताई
- छात्रों के प्रश्नों के विशेषज्ञों ने दिए जवाब

मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के आचार्य विष्णु गुप्त सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में एसपीएसएस पर कार्यशाला हुई। डॉ. कायनात नसिर, असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन ने मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। कार्यशाला में विभाग के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

डॉ. कायनात ने बताया कि एसपीएसएस का इस्तेमाल रिसर्च में कैसे किया जाता है तथा इसकी मदद से कैसे डाटा एंट्री और डाटा एनालिसिस किया जाता है। उन्होंने एसपीएसएस बारे में व्यापक ज्ञान साझा किया और प्रशिक्षणार्थियों को व्यवहारिक अभ्यास करने का मौका दिया और उनके समस्त प्रश्नों का समाधान किया। इस कार्यशाला से सभी लाभान्वित हुए।

आचार्य विष्णु गुप्त सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स डीन एवं डायरेक्टर डॉ.आर.के. घई ने डॉ. कायनात को धन्यवाद दिया। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। इस कार्यशाला के आयोजन में डॉ. सारिका अभय ने मुख्य समन्वयक की भूमिका निभाई। इस दौरान छात्रों ने अपने सवालों के जवाब पाकर जिज्ञासा शांत की।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

**Date- 19 Dec 2023 Page No.- City Page 3**

## छात्र ने हॉस्टल की तीसरी मंजिल से कूदकर दी जान

माई सिटी रिपोर्टर



शशि रंजन
(फाइल फोटो)

मेरठ। परतापुर बाईपास स्थित विवि में बीसीए के छात्र शशि रंजन (18) ने रविवार रात हॉस्टल की तीसरी मंजिल से कूदकर जान दे दी। छात्र को तुरंत इमरजेंसी में ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शशि की दोस्त छात्रा ने उससे बात करने से इन्कार कर दिया, जिसके कारण उसने आत्महत्या कर ली। सोमवार शाम पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर बिहार रवाना हो गए। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराने से इन्कार कर दिया।

### बिहार के सीतामढ़ी जिले के महेशा फरकपुर गांव का रहने वाला था छात्र

*"शशि की एक छात्रा से दोस्ती थी, उसने बात करने से मना कर दिया। जिसके कारण शशि ने आत्महत्या कर ली। छात्र के परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। - **कमलेश बहादुर, एसपी देहात***

बिहार में सीतामढ़ी के महेंदवारा थाना क्षेत्र के महेशा फरकपुर गांव निवासी किसान मनोज कुमार का बेटा शशि रंजन सुभारती विवि में बीसीए प्रथम सेमेस्टर का छात्र था।

शशि मदन लाल ढींगरा वीर हकीकत राय हॉस्टल में रहता था। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक रात 11:54 बजे वह मोबाइल पर बात करते हुए कमरे से निकलता दिख रहा था। इसके बाद वो नीचे कूद गया। वार्डन और अन्य स्टाफ तुरंत शशि को इमरजेंसी में ले गए। सर में गंभीर चोट के कारण उसे वेंटीलेटर पर रखा गया लेकिन उसकी मौत हो गई। विवि प्रशासन ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी।

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

मोर्चरी पहुंचे शशि के ताऊ के बेटे चंद्रमोहन और दूसरे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया कि चार भाई-बहनों में शशि तीसरे नंबर का था। दो बड़ी बहने हैं। रात को भी शशि ने मां से फोन पर बात की थी लेकिन उसने कुछ नहीं बताया था। चंद्रमोहन ने पुलिस कार्रवाई कराने से इन्कार कर दिया। विवि के प्रेस प्रवक्ता अनम शेरवानी का कहना है कि कुलपति द्वारा कमेटी बनाकर पूरे मामले की जांच कराई जा रही है।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 21 Dec 2023 Page No.- 7**

21/12/23 H 07

# जहरीला अन्न एवं फल बीमारियों की जड़

**सुभारती**



मेरठ। जैविक खेती का प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है। इसकी जन जागरूकता के लिए पत्रकारिता के विद्यार्थी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। सुभारती विवि के पत्रकारिता और जनसंचार के विद्यार्थियों से यह बात पद्मश्री प्रेमचंद शर्मा ने कही।

प्रेमचंद शर्मा ने कहा कि कृषि एवं बागवानी क्षेत्र में नवाचार की व्यापक संभावनाएं हैं जिसे युवा पूरा कर सकते हैं। उत्तराखंड के प्रगतिशील किसान प्रेमचंद ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता में जैविक खेती और बागवानी को प्रमुखता से स्थान मिलना चाहिए। प्रेमचंद के अनुसार हम जहरीले पेस्टीसाइड के शिकार हो रहे हैं जबकि इससे आसानी से बचा जा सकता है। ज़हरीला अन्न और फल ही आज बीमारियों की जड़ है। स्वस्थ रहने के लिए जैविक खाद से उगे अन्न और फ़ल जरूरी हैं। प्रेमचंद शर्मा ने अपने घरों में जरूर खेती करें। चाहे वह किचन गार्डन हो या छत हो। प्रोफेसर सुभाष चंद्र थलेड़ी ने पद्मश्री का स्वागत किया। विशेष शर्मा, प्रो. अशोक त्यागी, डॉ. गुंजन शर्मा, प्रीति सिंह, मधुर शर्मा और रामप्रकाश तिवारी मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

**Date- 21 Dec 2023 Page No.- City Page 5**

AV 21/12/2023 05

## माटी स्वस्थ नहीं होगी तो फसल कुपोषित होगी

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। जैविक खेती का प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है। पेस्टीसाइड की वजह से माटी खराब हो रही है। माटी स्वस्थ नहीं होगी तो फसल कुपोषित होगी। अच्छे स्वास्थ्य के लिए जैविक खाद से उगी फसल जरूरी है। इसके प्रति जनजागरूकता में पत्रकारिता एवं मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थी बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं। ये बात स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग में हुए अतिथि व्याख्यान में पद्मश्री प्रेमचंद शर्मा ने कही।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कृषि और बागवानी के क्षेत्र में नवाचार की बहुत संभावनाएं हैं। ग्रामीण पत्रकारिता में जैविक खेती व बागवानी को प्रमुख स्थान मिलना चाहिए। विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार हम जहरीले पेस्टीसाइड के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा आज माटी जहरीली बनती जा रही है। अगर जमीन स्वस्थ नहीं होगी तो फसल कुपोषित होगी। स्वस्थ रहने के लिए जैविक खाद से उगे अन्न और फल जरूरी हैं। विद्यार्थियों से कहा कि वह अपने घरों में जरूर खेती करें चाहे किचन गार्डन हो या छत पर। दिनचर्या में खेती-किसानी और बागवानी को शामिल किया जाना चाहिए।



कार्यक्रम में उपस्थित पद्मश्री प्रेमचंद शर्मा व अन्य। संवाद

### स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग में हुआ अतिथि व्याख्यान

देहरादून के जौनसार क्षेत्र के किसान प्रेमचंद शर्मा को कृषि के क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने 2021 में पद्मश्री से सम्मानित किया है। 67 वर्षीय प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि उनकी अच्छी सेहत का राज शुद्ध खानपान है। विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चंद्र थलेड़ी ने पद्मश्री प्रेमचंद शर्मा का स्वागत किया। उन्होंने प्रेम चंद शर्मा को महान कृषि और बागवानी विशेषज्ञ बताया। इस दौरान प्रो. अशोक त्यागी, डॉ. गुंजन शर्मा, प्रीति सिंह, मधुर शर्मा, रामप्रकाश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 27 Dec 2023 Page No.- 6**

27/12/23 H 06




### सुभारती में फैशन चित्रण पर कार्यशाला

मेरठ। सुभारती विवि के फैशन एवं टेक्सटाइल डिजाइन विभाग में फैशन चित्रण वर्कशॉप में डॉ.नीतू मल्होत्रा ने स्केचिंग तकनीक, प्रमुख सिद्धांत एवं उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों को समझाया। डीन डॉ.पिंटू मिश्रा ने विद्यार्थियों को फैशन क्षेत्र की बारीकियों की जानकारी दी। डॉ.नेहा सिंह के अनुसार वर्कशॉप का उद्देश्य डिजाइन क्षेत्र में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। श्रद्धा यादव, अनीशा आनंद, डॉ.अर्पणा कंबोज, डॉ.मीनाक्षी टम्टा, सौम्या शर्मा मौजूद रही।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

**Date- 27 Dec 2023 Page No.- City Page 5**

27/12/23 AU 05

## फैशन डिजाइनिंग की दी जानकारी



सुभारती विवि में फैशन के बारे में जानकारी देते विशेषज्ञ। स्रोत : संस्था

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के फैशन एवं टेक्सटाइल डिजाइन विभाग में एक दिवसीय फैशन चित्रण कार्यशाला हुई। विशेषज्ञ डॉ. नीतू मल्होत्रा के नेतृत्व में हुई कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्केचिंग, सिद्धांत और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बारे में बताया गया। ललित कला संकाय डीन डॉ. पिंटू मिश्रा ने फैशन क्षेत्र की बारीकियों से अवगत कराया। डिजाइन विभाग की प्रमुख डॉ. नेहा सिंह ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य डिजाइनिंग क्षेत्र में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है।

इस दौरान 45 विद्यार्थियों ने भाग किया। इस दौरान श्रद्धा यादव, अनीशा आनंद, डॉ. अर्पणा कंबोज, डॉ. मीनाक्षी टम्टा, सौम्या शर्मा आदि का सहयोग रहा। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 28 Dec 2023 Page No.- 6**

28/12/23 H 06

# कलांजलि उत्सव में बही सुरों की सरिता




मेरठ, संवाददाता। सुभारती विवि के सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में हुए कलांजलि उत्सव में सारंगी वादक उस्ताद कमाल साबरी ने अपने सुरों की सरिता से रसिकों का मन मोह लिया।

छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वन्दना की प्रस्तुति दी। कमाल साबरी ने शुरुआत राग शुद्ध सारंग के आलाप से की। संगत कर रहे शार्गिद मौ. समी ने राग किरवानी में तोरे बिना मोहे चैन नहीं बृज के लाला, मांड में थारो बिना म्हारा सूना घर आंगन की प्रस्तुतियां दी। सारंगी पर शिष्य एजाज हुसैन और तबले पर फरदीन हुसैन ने संगत की। कर्नल राजेश त्यागी मुख्य अतिथि रहे। डीन डॉ. पिन्टू मिश्रा ने स्वागत किया। कलांजली उत्सव में कला साधकों को समर्पित विवि द्वारा प्रकाशित शोध पत्रिका आर्ट फेगरेंस की सातवीं कड़ी और डॉ. इन्द्रेश मिश्रा की पुस्तक का भी विमोचन हुआ। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, एचओडी डॉ. भावना ग्रोवर, डॉ. श्वेता चौधरी, अक्षय शर्मा, निशी चौहान और श्वेता सिंह मौजूद रहे। तबले पर अभिषेक मिश्रा एवं हारमोनियम पर मेहराज खां रहे।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

**Date- 28 Dec 2023 Page No.- City Page 6**

28/12/23 06 AU

# सुर और संगीत का चला जादू

## स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में आयोजित हुआ कलांजलि उत्सव

माई सिटी रिपोर्टर




सुभारती विवि में कलांजलि उत्सव में प्रस्तुति देते उस्ताद कमाल साबरी। स्रोत : स्वयं

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के सत्यजीत-रे प्रेक्षागृह बुधवार को सारंगी वादक उस्ताद कमाल साबरी के सुर व संगीत की थाप से गूंज उठा। राग किरवानी में तोरे बिना मोहे चैन नहीं बृज के लाला....और मांड में थारो बिना म्हारा सूना घर आंगन....गीत गाया तो प्रफुल्लित श्रोताओं ने खड़े होकर खूब तालियां बजाईं।

सत्यजीत-रे प्रेक्षागृह में आयोजित कलांजलि उत्सव का शुभारंभ अतिथियों ने दीप जलाकर किया। मंच कला विभाग के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कमाल साबरी ने शुरआत राग शुद्ध सारंग के आलाप से की। संगत कर रहे मोहम्मद शमी ने राग किरवानी में तोरे बिना मोहे चैन नहीं बृज के लाला...., मांड में थारो बिना म्हारा सूना घर आंगन.... और सूफियाना अंदाज में कई लोकप्रिय बंदिशों को गाया। इसके साथ कमाल साबरी ने सारंगी वादन पर संगत की। सारंगी पर एजाज हुसैन और तबले पर फरदीन हुसैन ने संगत की। मुख्य अतिथि कर्नल राजेश त्यागी रहे।

दर्शक दीर्घा में शहर के गणमान्य संगीतज्ञ उपस्थित रहे। इस दौरान प्रेक्षागृह संगीत रसिकों से भरा रहा। कलाकारों का स्वागत स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर डीन डॉ. पिन्टू मिश्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्षा डॉ. भावना ग्रोवर ने किया। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने प्रस्तुति के लिए शुभकामनाएं दीं। मंच का संचालन डॉ. श्वेता चौधरी ने किया।



सुभारती विवि के सत्यजीत-रे प्रेक्षागृह में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। स्रोत : स्वयं

### 'आर्ट फेगरेंस' की सातवीं कड़ी का विमोचन

कलांजलि उत्सव में विवि द्वारा प्रकाशित शोध पत्रिका 'आर्ट फेगरेंस' की सातवीं कड़ी का विमोचन कमाल साबरी ने किया। इसी कड़ी में डॉ. इंद्रेश मिश्रा की पुस्तक का भी विमोचन हुआ।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 30 Dec 2023 Page No.- 7**

30/12/23 17 07



### सुभारती डेंटल कॉलेज में वीर बाल दिवस

मेरठ। सुभारती डेन्टल कॉलेज के सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग में वीर बाल दिवस पर अतिथि व्याख्यान हुआ। प्राचार्य डॉ.निखिल श्रीवास्तव और संस्कृति विभाग के सचिव कुलदीप नारायण ने सुभारती दिवस के उद्देश्यों को साझा किया। अजय मित्तल ने चार साहिबजादे एवं वीर बाल दिवस के इतिहास की जानकारी दी। ऑनलाइन स्क्रिप्ट राइटिंग के समापन समारोह एवं प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए। डॉ.संचित प्रधान रहे।

# News Paper Clipping Ser

DEC

# Amar Ujala

## Date- 30 Dec 2023 Page No.- City Page 5

30/12/23 अमर उजाला

## चार साहिबजादों का बलिदान याद किया



सुभारती विवि में आयोजित कार्यक्रम में शामिल स्टाफ। स्रोत : संस्थान

मेरठ। सुभारती डेंटल कॉलेज के सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग में वीर बाल दिवस पर अतिथि व्याख्यान हुआ। इसमें चार साहिबजादों के बलिदान को याद किया गया। संस्कृति विभाग के सचिव कुलदीप नारायण ने संस्था के उद्देश्य बताए। आरएसएस के अजय मित्तल ने चार साहिबजादों के इतिहास के बारे में बताया। इस दौरान ऑनलाइन स्क्रिप्ट राइटिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इनके विजेताओं को प्रमाण पत्र दिए गए। प्राचार्य डॉ. निखिल श्रीवास्तव ने आयोजन पर शुभकामनाएं दीं। ब्यूरो